511. राजस्थान में पहला बायोलॉजिकल पार्क कहाँ स्थापित किया गया है?

(a) माछिया (जोधपुर)
(b) नाहरगढ़ (जयपुर)
(c) सज्जनगढ़ (उदयपुर)
(d) अभेदा (कोटा)

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) : राजस्थान में पहला बायोलॉजिकल पार्क (प्रथम जैविक उद्यान) नाहरगढ़ (जयपुर) में स्थापित किया गया। नाहरगढ़ जैविक उद्यान का निर्माण कार्य वर्ष 2013 से प्रारम्भ हुआ एवं निर्माण कार्य वर्ष 2016 में पूर्ण हुआ। यह 720 हेक्टेयर के व्यापक क्षेत्र में फैला है और अरावली पहाड़ियों में अवस्थित है। पार्क अपने समृद्ध वनस्पतियों एवं जीवों के लिए जाना जाता है। यहाँ पर 285 से अधिक प्रकार के पक्षी देखने को मिलते हैं, जिनमें से सबसे प्रसिद्ध व्हाईट नेप्ड टिट है। इसके अतिरिक्त सज्जनगढ़ जैविक उद्यान उदयपुर, जोधपुर में माचिया जैविक उद्यान एवं कोटा में अभेड़ा जैविक उद्याान भी है।

512. राजस्थान के प्रथम जैविक उद्यान का नाम बताइए-

(a) नाहरगढ़ (b) शेरगढ़
(c) आकल (d) वन विहार

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019
JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

513. राजस्थान में जैविक उद्यान कहाँ स्थापित किए गए हैं-

(a) नाहरगढ़, सज्जनगढ़, माचिया
(b) शेरगढ़, नाहरगढ़, आकल
(c) आकल, सज्जनगढ़, मरूधरा
(d) वन विहार, आकल, माचिया

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

514. इनमें से कौन-सी परियोजना जापान इन्टरनेशनल को-ऑपरेशन एजेन्सी के सहयोग से चलायी जा रही है?

(a) मरूस्थलीकरण
(b) राजस्थान वानिकी एवं जैवविविधता परियोजना
(c) राष्ट्रीय उद्यागों का विकास
(d) हरित राजस्थान

RPSC-2011
वनपाल भर्ती परीक्षा -2020, 06.11.2022

Ans. (b) : राजस्थान सरकार द्वारा जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेन्सी के वित्तीय सहायता से राजस्थान के 15 जिलों और लगभग 7 वन्य जीव अभ्यारण्यों में 'राजस्थान वानिकी और जैव विविधता परियोजना' चरण-2 के कार्यान्वयन के लिए वानिकी एवं जैवविविधता के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना का प्रथम चरण 2004 से 2010 तक लागू किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य वन एवं वन्य जीव संसाधनों (जैव विविधता) का संरक्षण करना, स्थानीय आजीविका के अवसर पैदा करना, पारिस्थितिकीय पर्यटन का संवर्धन करना आदि है।

515. 'राजस्थान वानिकी एवं जैवविविधता परियोजना' किसके द्वारा प्रायोजित है?

(a) एशियन डवलपमेंट बैंक
(b) वर्ल्ड बैंक
(c) वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन
(d) जापानीज इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)
RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture
Lab Assistance (Home Science) 30.06.2022
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिकल डीजल इंजन)-2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

516. निम्नांकित में से कौन-सा 'राजस्थान वानिकी विकास एवं जैव विविधता परियोजना का उद्देश्य नहीं है-

(a) जैव-विविधता संरक्षण
(b) पारिस्थितिकीय पर्यटन संवर्द्धन
(c) बाढ़ नियन्त्रण
(d) वृक्षारोपण

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

517. किस जिले में सरिस्का बाघ परियोजना स्थित है?

(a) अलवर (b) धौलपुर
(c) सवाई माधौपुर (d) कोटा

Investigator Exam Date- 21.08.2016
RPSC-2011

Ans. (a) : सरिस्का बाघ परियोजना राजस्थान के अलवर एवं जयपुर जिले में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 1213.34 वर्ग कि.मी. है। इसे 1978 में भारत बाघ का क्षेत्र / अभ्यारण्य घोषित किया गया। तथा 1982 ई. में राष्ट्रीय उद्यान घोषित कर दिया गया। यह बाघों को सफलतापूर्वक स्थानान्तरित करने वाला दुनिया का पहला अभ्यारण्य है।

518. टाइगर रिजर्व परियोजना राजस्थान में स्थित है–

(a) सीतानदी (b) माही
(c) काजीरंगा (d) सरिस्का

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

519. निम्नलिखित में से किस एक के लिए सरिस्का प्रसिद्ध है?

(a) काला तेंदुआ (b) सफेद बाघ
(c) कौआ (d) हरा कबूतर

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) राजस्थान के अलवर जिले के सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य में हरे कबूतर देखने को मिलते हैं। यह भारत के बाघ संरक्षित अभयारण्यों में से एक है। यह अभ्यारण्य 1958 ई. में बना था।

520. हरे कबूतर राजस्थान में किस अभयारण्य में पाये जाते हैं?

(a) बन्द बारेठा (b) केवलादेव
(c) नाहरगढ़ (d) सरिस्का

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।